बहुउपयोगी श्री बीरां बरजी दादीजी पंचांग प्रबुद्धजनों को वितरण का शुभारंभ किया

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड नवलगढ़ द्वारा भारतीय त्योहारों व सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु महामाया शक्तिपीठ में जीतनाथजी महाराज व महामाया शक्तिपीठ के युवाचार्य मनु स्वामी के सानिध्य में समाजसेवी व उद्योगपति सज्जन गोयनका के सौजन्य से श्रीमती शिवदेवी देवी प्रसाद गोयनका फाउंडेशन, मुंबई द्वारा प्रकाशित बहुउपयोगी श्री बीरां बरजी दादीजी पंचांग प्रबुद्धजनों को वितरण का शुभारंभ किया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राम मोहन सेकसरिया ने बताया कि पंचांग का निःशुल्क वितरण जारी रहेगा। इच्छुक व्यक्ति इसे निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के संरक्षक रामकुमार सिंह राठौड़, नगरपालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राम मोहन सेकसरिया, धमार्चार्य सह संपर्क प्रमुख मेजर डीपी शर्मा, समाजसेवी बाबूलाल जोशी, राष्ट्रीय कवि श्रीकांत पारीक, युवा नेता अनु महर्षि, भारत स्काउट गाइड नवलगढ़ के प्रधान मुरली मनोहर चोबदार, अनिल पारीक, पंकज शाह व लकी टेलर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

गांव-गांव में जन जागृति यात्रा किसानों का 253 वे दिन भी धरना जारी

चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)। सिंघाना सड़क मार्ग बस स्टैंड लालचौक पर नहर की मांग किसानों का धरना किसान सभा के बैनर तले तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आज 253 वें दिन भी जारी रहा।

नहर मांग रहे किसानों ने ऐड़ी से चोटी का जोर लगा रखा है गांव गांव निकले हैं और 2 अक्टूबर को हो रही विशाल आमसभा में ज्यादा से ज्यादा जनता का साथ कबाड़ रहे हैं इस दिन सभा में झुंझुनूं,सीकर , चूरू व नागौर के वर्तमान सांसद विधायकों तथा जनप्रतिनिधियों को आमन्त्रित किया जा रहा है। गांवों में जबरदस्त समर्थन व स्वागत मिल रहा है सभा में आने को इच्छुक सभी जनता जनार्दन व पंच, सरपंच बहुत भावुक हो कर कहते हैं कि आज तक हमारे हक का पानी कहां गया कौन खा गया। यात्रा में आज जिला उपाध्यक्ष बजरंग बराला, जिला महामंत्री मदनसिंह यादव, यात्रा संयोजक रणधीर सिंह ओला, तहसील उप सचिव ताराचंद तानाण, पूर्व पुलिस में राज. पुलिस में सेवारत धर्मपाल सिंह यादव, नहर आन्दोलन प्रवक्ता व मिडिया प्रभारी विजेन्द्र शास्त्री, रमाकांत, धर्मपाल सिंह भजनी, पंच बंशीधर यादव हीरवा आदि शामिल हैं। तथा धरना स्थल पर महिला विंग कमांडर सुनिता,कोषाध्यक्ष महेश चाहर,सतपाल चाहर , राजवीर, जयसिंह, नौजवान सभा के जयन्त चौधरी, सौरभ सैनी,करण कटारिया, धर्मपाल सिंह, जगराम, सतवीर, शंकर यादव, बनवारीलाल, प्रभुराम सैनी, सुनिल,रोशन आदि मौजूद रहे।

पोषण माह के अंतर्गत अलीपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर मेले का आयोजन

चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)। अलीपुर गांव में मंगलवार को पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम पर एक मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आयोजक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कार्यकर्ता कविता भांबू ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हर साल सितंबर में मनाया जाता है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर कुपोषण के खिलाफ जन जागरूकता फैलाने और पोषण आहार अपनाने का संदेश दिया जाता है। कविता भांबू ने कहा कि गांव की महिलाओं, किशोरियों और बच्चों में एनीमिया व खून की कमी की समस्याएं देखी जाती हैं, जिनके प्रति जागरूकता की कमी के कारण पर्सव के दौरान महिलाओं की मृत्यु हो सकती है। सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयरन और फोलिक एसिड सिरप और टैबलेट्स प्रदान की जाती हैं। कार्यक्रम में राजबाला मीणा, कुमुद शर्मा, अंजना भांबू, मंजू जांगिड़, कमल कुमावत, कुसुम भांबू, ललिता सेन, ममता शर्मा, टीना मीणा, रेणु पारीक, सनाखा भांबू, सिया, सेजल, खुशी, केशव, गर्विक, अवी भांबू सहित कई लोग उपस्थित थे।

गणेश पूजा महोत्सव...

पांडालों में उमड़ रहे श्रद्धालु गूंज रहे गणपति के जयकारे

मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)। कस्बे में बालासागर कुएं के निकट चल रहे नवयुवक गणेश पूजा महोत्सव में सुबह शाम की आरती श्रद्धालु उमड़ रहे है। पंडित रामू बिंयाला व नीतिन शर्मा के आचार्यत्व में चल रहे महोत्सव में परमेश्वर लाल जांगिड ने सपत्नीक पूजा अर्चना की। आरती के बाद श्रदालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।रात्रि को कुम्भनाथ जी दरबार के महंत अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ महाराज के सानिध्य में भजन संध्या का आयोजन हुआ।गायकार सुरेन्द्र शर्मा, रजनीश पाण्डे, लोकेश पारीक,संदीप शर्मा आदि ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर कमल बिंयाला, मुकेश शर्मा,सुरेश सैनी,विकास शर्मा,मनोज चौमाल, सुनिल बिंयाला,कैलाश बिंयाला,मुन्नालाल कनोई मुरारी लाल सैनी आदि मौजूद रहे।इसी प्रकार नगर पालिका के पास स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के तत्वावधान में चल रहे नौ दिवसीय लाल कुआं गणेश पूजा महोत्सव में विभिन्न धार्मिक आयोजित किए जा रहे है। पंडित मुकेश सुरोलिया व रामगोपाल डोलिया के आचार्यत्व में मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना के बाद आरती की गई।सुरेश टेलर एवं दिनेश बालान ने बतौर यजमान पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। आरती के बाद बच्चों ने मनमोहक झांकी एवं धार्मिक गीतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतिया दी। इस मौके पर सुनिल वर्मा,मुकेश मारवाल,खेमचंद चेजारा, परमेश्वरलाल चेजारा, विकास मारवाल, जयप्रकाश कुमावत,भवानी शकंर सैन, दिनेश स्वामी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

विघ्नहर्ता की भक्ति में उमड़ा जन सैलाब, डॉ. शंभू पंवार ने लड्डुओं का भोग लगाया

चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)। शहर में गणेश महोत्सव के पावन अवसर पर आस्था, भक्ति और श्रद्धा का अद्वितीय संगम देखने को मिल रहा है। विवेकानंद चौक स्थित गणेश मित्र मंडल और मराठा मित्र मंडल के तत्वावधान में सात दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है।

पांडाल गणपति जी के जयकारों से गुंजायमान हो रहे हैं और भक्तिमय वातावरण में हर ओर श्रद्धा की बयार बह रही है।सोमवार शाम, विघ्नहर्ता गणपति जी की पूजा अर्चना व आरती का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार एवं समाजसेवी डॉ. शंभू पंवार ने सपत्नीक श्रीमती कमलेश पंवार और पुत्री यशस्वी पंवार के साथ विधि-विधान से पूजा की। डॉ. शंभू पंवार ने गणपति जी की प्रतिमा को तिलक कर सवामण लड्डुओं का भोग अर्पित किया और देश में अमन, शांति, धार्मिक सौहार्द और मानव कल्याण के लिए प्रार्थना की।मंगलवार सुबह पुलिस निरीक्षक विनोद सामरिया और सुभाष पंवार ने भी सपत्नीक गणपति जी की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में महेश शर्मा धन्ना ने अपनी सुमधुर वाणी से गणपति जी की स्तुति की। इस भव्य आयोजन में गणेश मित्र मंडल के अध्यक्ष संदीप फतेहपुरिया, युवा व्यवसायी राजेश डालमिया, सुरेश डालमिया, मुरारीलाल किठाणिया , बबलू गोयल, सुभाष धाबाई ,मोतीलाल शर्मा, रमेश स्वामी ,रमेश मराठा ,राजू मराठा ,रोहिताश महला ,मकरंद मराठा ,रविकांत भगोरिया, रवि भारतीय ,बुधराम वर्मा ,सूर्यकांत दायमा ,महेंद्र ट्रेलर, रमेश कोतवाल , कुलदीप भगेरिया सहित कई प्रमुख लोग और बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

अष्टविनायक धाम मेले में सराहनीय सेवाओं के लिए छात्रों का किया सम्मान

मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)। अष्टविनायक धाम डूंडलोद में आयोजित दो दिवसीय मेले में सराहनीय सेवाओं व मेला व्यवस्थाओं में सहयोग देने पर कलाम कोचिंग सेंटर एवं डिफेंस एकेडमी छात्रों का सम्मान किया गया।मंदिर ट्रस्टी अन्नू अनिल अग्रवाल ने छात्रों का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया तथा संस्था निदेशक मनोज गुर्जर का आभार जताया। इस अवसर पर विनोद सिंघानिया, एडवोकेट अश्विनी महर्षि, प्रद्युम्न शर्मा,विनोद खाजपुरिया, सत्यनरायण खेतान, हरिराम बेडिया आदि उपस्थित थे।

मधुसूदन मैरिज गार्डन का हुआ भव्य शुभारंभ : संत नारायण भारती ने किया फीता काटकर उद्घाटन

चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)। शहर की सूरजगढ़ रोड पर रविवार को मधुसूदन मैरिज गार्डन का भव्य शुभारंभ हुआ। वरिया भगजी, बालोतरा के संत नारायण भारती ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर संत भारती ने भवन का अवलोकन किया और यहां की सुविधाओं की प्रशंसा की। इसके बाद हुए समारोह की अध्यक्षता करते हुए जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. लोकेश शेखावत ने कहा कि शहर लगातार बढ़ रहा है।

ऐसे में विवाह समारोह के लिए इस तरह ने मैरिज गार्डन वर्तमान की जरूरत बन गए हैं। मुख्य अतिथि सिविल लाइंस जयपुर विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि राजनीति के साथ ही सुभाष जी हमेशा से समाज सेवा से भी जुड़े रहे हैं। जनता को उनके इस मैरिज गार्डन के रूप में बहुत अच्छी सुविधा उपलब्ध हुई है। शादी विवाह समारोह के लिए इससे अच्छी जगह नहीं हो सकती। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि मुकेश दाधीच, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केके जानू, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, पिलानी प्रधान बिरमा संदीप रायला, सूरजगढ़ पालिकाध्यक्ष पुष्पा गुप्ता, उदयपुरवाटी पालिकाध्यक्ष रामनिवास, समाजसेवी शीशराम हलवाई, गोविंद सिंह राठौड़ चेयरमैन, बगड़, चंदगीराम झाझडिया आदि ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों और गणमान्य जनों का भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा और पूर्व पालिकाध्यक्ष मधु शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष अरड़ावतिया ने किया।

देवनारायण गुरुकुल योजना में किशोरपुरा की दो बेटियों का चयन, ग्रामवासियों ने किया स्वागत

चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)। किशोरपुरा में गुर्जर समाज की दो बेटियां, आरती और प्रतिभा, पुत्री राजेश खटाना, का देवनारायण गुरुकुल योजना में चयन होने पर गांव में खुशी का माहौल है।

ग्रामवासियों ने दोनों का मिठाई खिलाकर और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी लाल बैसला के प्रयासों से आज बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज की बेटियां अब शिक्षा में अपनी जगह बना रही हैं और देवनारायण योजना के तहत उन्हें 12वीं तक मुफ्त शिक्षा, छात्रावास, और यात्रा भत्ता जैसी सुविधाएं राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं।इस अवसर पर एडवोकेट जनार्दन गुर्जर, समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद दौराता, अखिल भारतीय देवसेना के नीमकाथाना जिला अध्यक्ष राजेश खटाना, तहसील अध्यक्ष रतन धाबाई, समाजसेवी सुमेर लमोड, पंकज मीणा, भविष्य कुमार, जीना सैनी, सचिन खटाणा, हंसराज गुर्जर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

तेजाजी मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर हजारों भक्त पहुंचे

परबतसर (सीमा सन्देश सं)। परबतसर सुरसुरा से पैदल तेजाजी की ज्योत लेकर पहुंचे विधायक रामनिवास गावडिया। तेजाजी मंदिर निर्माण की प्रथम वर्षगांठ पर पैदल ज्योत यात्रा में हजारों की संख्या में तेजा भक्त ज्योत में हुए शामिल हुवे।

कार्यालय-राजकीय ठा. हरिसिंह शेखावत मण्डावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष संस्कृत विद्यालय, खेतड़ी हाउस, जयपुर
शेखावत छतरियां, पेन्टर कॉलोनी, नाहरी का नाका, खेतड़ी हाऊस, जयपुर
E-mail :gpssk31357@gmail.com
क्रमांक : 1332 दिनांक : 10.09.2024

नीलामी सूचना

कार्यालय राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय खेतड़ी हाउस, जयपुर में दिनांक 23-09-24 को प्रातः 11.00 बजे अनुपयोगी/नाकारा सामान की नीलामी की जाएगी। नीलामी योग्य सामान व शर्तों का निरीक्षण कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को किया जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते हैं।

(अवनेन्द्र कुमार डागर)
प्रधानाचार्य
राज.वरि.उपा.स.वि.
खेतड़ी हाउस, जयपुर

आपात स्थिति में युवाओं ने किया रक्तदान

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। आपातकालीन स्थिति में ओ पॉजीटीव व बी प्लस आरडीपी प्लेटरेट की आवश्यकता पडने.पर युवा गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष अंकित गुर्जर (नून) के नेतृत्व में मंगलवार को दिनेश कुमावत, जीतू सैनी, अनिल यादव द्वारा रक्तदान किया गया। इस दौरान रामसिंह कुमावत, विक्रम गुर्जर, जीतू रावत, संजय रावत, अजय सैनी, अजीत मीणा समेत अन्य मौजूद रहे।

पोषण माह के अंतर्गत मंगलवार को हुई गोद भराई की रस्म

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। पोषण माह के अंतर्गत मंगलवार को अलसीसर परियोजना के मलसीसर, कालियासर गांव में गोद भराई का आयोजन किया गया। इस दौरान सीडीपीओ अमिता गेट द्वारा स्तनपान पर चर्चा के साथ साथ रोज के खाने में मोटे अनाज के साथ-साथ दालों के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान पोषण रैली का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनीमिया की जांच कर उषा कुलहरि ने पोषण माह में होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में सुलोचना व विक्रम की गोद भराई करवाई गई। कार्यक्रम में भारती, दीपिका आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड-भीलवाडा (राज)
क्रमांक : अधि.अभि. / भील / वि.बो. / 2024-25 / 10345371 दिनांकः- 06.09.2024

बिड आमंत्रण सूचना संख्या-06/2024-25

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड खण्ड भीलवाड़ा / उदयपुर / टोंक के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाईन बिड ई-प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb पर भी देखा जा सकता है। NIB CODE:- AGM2425A0070 & UBN NO. AGM2425WSOB00251 to 265 & 244 to 250
राज.संवाद / सी / 24 / 5006 अधिशाषी अभियन्ता

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -4-क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय :-9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली-110001 फोनः-011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
जोधपुर शाखाः प्लॉट-17, तीसरी मंजिल, के.पी. टावर, अपर चोपासनी रोड, बॉम्बे मोटर सर्किल के पास, बलदेव नगर, जोधपुर राजस्थान-342003। **भिवाड़ी शाखाः** ए-10, पहली मंजिल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाई पास, भिवाड़ी-301019, राजस्थान

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक / प्रभारित कालम नंबर-डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित / भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल) / प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर-सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों) / बंधकदाता(ओं) / संबंधित कर्जदार(रों) / बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार / सह-कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/ न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/JDH/1219/761146, बी.ओ. जोधपुर, वीरेंद्र कुमार आसवानी, कविता आसवानी	11.10.2023 तक रु.30,12,407.39	भौतिक कब्जा	मकान नंबर 25 का पूर्वी भाग, खसरा नंबर 161/1, मंगलम होम्स, ग्राम पाल, जोधपुर, राजस्थान-342001, भारत।	रु. 3332000	रु. 333200	14.10.2024	रु. 10,000	03.10.2024. पूर्वा. 10.00 बजे अप. 5:30 बजे	15.10.2024. अप. 12.30 बजे अप. 2:30 बजे	Not Known
HOU/BHI/0120/768495, बी.ओ. भिवाड़ी, मनोज करहाना, कृपा देवी	14.11.2023 तक रु.16,44,117.33	भौतिक कब्जा	8/225, जीएफ, एमआईजी-ए 8/225, अरावली विहार (भिवाड़ी), अरावली विहार आरएचबी, भिवाड़ी, राजस्थान, भारत-301019	रु. 1795000	रु. 179500	14.10.2024	रु. 10,000	03.10.2024. पूर्वा. 10.00 बजे अप. 5:30 बजे	15.10.2024. अप. 12.30 बजे अप. 2:30 बजे	Not Known

*उसके भुगतान तथा / अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। ''पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल / प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार / दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर-के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान / अदायगी सफल क्रेता / बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं) / बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।
1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल / पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों / प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा / अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा / अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है।
2. संभावित क्रेता / बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर-के में वर्णित, कार्यवाही / पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा / बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(सी) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे।
3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता / खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा।
4. **मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर-44, गुरूग्राम, हरियाणा-122003 वेबसाइट - **www.bankeauctions.com** सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **रवि कुमार और दुर्गा सिंह शेखावत संपर्क नंबर 1800 120 8800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखे

स्थानः राजस्थान, दिनांकः 11-09-2024 प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

रोकथाम मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे लोगों के लक्षणों एवं उन्हें उचित, सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उपाय बताएं

सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज में आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या रोकथाम सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमीनार में मुख्य अतिथि एवं वक्ता कंगारू माइंड की संस्थापक, मेंटल हेल्थ एडवोकेट एवं पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोदार रही। ऑनलाईन समीनार की थीम हम सभी की भूमिका है, बातचीत शुरू करें रही। सेमिनार के मुख्य वक्ता सुश्री वेदिका पोदार ने मानसिक स्वास्थ्य व मानसिक रोग में अंतर स्पष्ट किया। साथ ही उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे लोगों के लक्षणों एवं उन्हें उचित, सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उपाय बताए। वेदिका पोदार ने सेमिनार में तनाव, चिंता और नकारात्मक प्रभावों की रोकथाम हेतु उपाय बताए। उन्होंने युवाओं में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समय-समय पर यदि अवसादग्रस्त व्यक्ति की काउंसलिंग की जाए तो आत्महत्या की रोकथाम संभव है।सुश्री वेदिका पोदार ने बताया कि आत्महत्या विश्व भर में एक बड़ी समस्या बन गई है और हर साल विश्व भर में लगभग 7 लाख लोग आत्महत्या करते हैं, जो 15-29 आयु वर्ग में मृत्यु का तीसरा बड़ा कारण है। अत इसकी रोकथाम हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं आत्महत्या रोकथाम के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ मिलकर संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। सेमिनार का आयोजन पोदार कॉलेज और आई.क्यू.ए.सी. सेल एवं मानसिक स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। सेमीनार के संयोजक उप-प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सैनी ने ट्रस्टी सुश्री वेदिक बाई जी पोद्दार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि पोदार ट्रस्ट अपने विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहता है, जिससे सामाजिक जागृति लाई जा सके। सेमीनार में पोदार कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह, प्रो. चेतन दाधीच, डॉ. विद्याधर शर्मा, डॉ. एच.पी. सिंह, प्रो. अम्बेश कुमार, प्रो. संदीप जांगिड़, प्रो. सुमन सैनी, प्रो. कविता जांगिड़ सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं व्याख्याता उपस्थित रहे। पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के. पोदार, अधिशासी निदेशक एम.डी. शानभाग ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर आयोजित सेमिनार पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस सेमिनार के माध्यम से पोदार ट्रस्ट ने विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने एवं एक उत्तम वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

» न्यूज-ब्रीफ

पोदार कॉलेज में एम.सी.ए. की कक्षाएं प्रारंभ

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित सेठ जी. बी. पोदार कॉलेज नवलगढ़ में एम.सी.ए. की नियमित कक्षाओं का संचालन प्रारंभ किया गया और नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया ।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को एम.सी.ए. के विद्यार्थियों के विकसित भविष्य के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होने विद्यार्थियों को नियमित कक्षाएं लेने के लिए भी प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. एच.पी. सिंह ने विद्यार्थियों को एम.सी.ए के बाद विभिन्न रा जगार अवसरों के बारे में बताया और समय-समय पर होने वाली विभागीय गतिविधि के बारे में बताया ।इस अवसर पर स्टाफ सदस्य प्रो. मुकेश सैनी, प्रो. रचना, डॉ.मुनेश यादव, प्रो.आशीष माथुर, प्रो दीपक भारद्वाज, प्रो. रमेश पारीक, प्रयोगशाला सहायक विक्रम सिंह व प्रदीप कुमार मौजूद रहे।दी आनंदीलाल ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के पोदार, ट्रस्टी सुश्री वेदिका पोद्दार, अधिशासी निदेशक एमडी शानभाग, उप प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सैनी ने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

करंट धाम बालाजी मंदिर में गूंजी सुंदरकांड की चौपाइयां

मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)। कस्बे में मंडावा रोड पर विद्युत निगम कार्यालय परिसर स्थित करंट धाम बालाजी में संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर बाबा के दरबार में फूलों से आकर्षक सजावट की गई। गायक आशीष कुमार,सुभाष शर्मा,हरीश कुमावत समेत निगम कर्मचारियों ने पाठ किया।पंडित कृष्णकांत शर्मा ने पूजा अर्चना करवाई।महाआरती के बाद भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम में डिस्काम एईएन प्रदीप जांगिड़,जेईएन पंकज कालेर, एआरओ मुकेश कुमावत, हीरालाल,मनोहर लाल गुर्जर, हरलाल,भरतवीर,मोहर सिंह , सुनील शेषमा,सुनील मूंड, सुरेंद्र सहारण,अनिल भास्कर, छो